BSES

बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए 200 रूपये तक की कैशबैक स्कीम लॉन्च

- ड्यू डेट से 7 दिन पहले भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा कैशबैक
- पेटीएम, मोबीक्विक व फोनपे की ओर से कैश बैक
- स्कीम 31 मार्च, 2017 तक वैध

नई दिल्लीः 22 फरवरी, 2017। बीआरपीएल और बीवाईपीएल के उपभोक्ता अब अपने बिजली बिल का भुगतान करके, 200 रूपये तक का कैशबैक पा सकते हैं। कैश बैक स्कीम्स का लाभ उठाने के लिए उन्हें ड्यू डेट से 7 दिन पहले अपने बिजली बिल का भुगतान पेटीएम, मोबीक्विक या फोनपे की वेबसाइट/ऐप के माध्यम से करना होगा।

ड्यू डेट से 7 दिन पहले अपने बिल का भुगातन करने वाले उपभोक्ताओं को पेटीएम की ओर से 200 रूपये तक का, मोबीक्विक की ओर से 150 रूपये तक का और फोनपे की ओर से 100 रूपये तक का कैशबैक मिल सकता है। पेटीएम की स्कीम 25 फरवरी से शुरू हो रही है, जबकि मोबीक्विक की स्कीम 1 फरवरी को शुरू हो चुकी है, और फोनपे की स्कीम 22 फरवरी को शुरू हो रही है। ये कैशबैक स्कीम्स 31 मार्च को खत्म हो जाएंगी। कैशबैक स्कीम के लिए पेटीम का प्रोमो कोड है बीएसईएस 200, मोबीक्विक के लिए प्रोमोकोड है बीआरपीएल 150/ बीवाईपीएल 150 तथा फोनपे के लिए कोई कोड नहीं है।

कैशबैक स्कीम का लाभ उठाने के लिए बीएसईएस उपभोक्ता डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ई वॉलेट्स और यूपीआई के माध्यम से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं।

जिन उपभोक्ताओं का ड्यू डेट अप्रैल 2017 है, वे भी इस स्कीम में हिस्सा ले सकते हैं, लेकिन उन्हें अपने बिजली बिल का भुगतान 31 मार्च, 2017 तक करना होगा। यह सुविधा इसलिए दी गई है ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस स्कीम का लाभ उठा सकें।

कैश बैक स्कीम का लाभ उठाने के इच्छुक उपभोक्ता संबंधित एजेंसी के ई–वॉलेट, ऐप या वेबसाइट पा जाएं, अपने सर्विस प्रोवाइडर के तौर पर बीएसईएस राजधानी/ बीएसईएस यमुना को सेलेक्ट करें और अपना सीए नंबर एंटर करें। अब, रकम वाले कॉलम में यह दिखेगा कि आपको कितनी रकम के बिल का भुगतान करना है। इसके बाद, कूपन कोड का इस्तेमाल करें। भुगतान के बाद एप्लिकेशंस, एसएमएस और ईमेल के माध्यम से इसकी रसीद आपको मिल जाएगी। याद रखें, ड्यू डेट के 7 दिन पहले बिल का भुगतान करने पर ही कैश बैक का लाभ मिलेगा।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, उपरोक्त माध्यमों के अलावा, बीएसईएस उपभोक्ता 4000 से अधिक लोकेशनों / माध्यमों से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास ड्रॉप बॉक्स, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट, नेबरहुड ईजी बिल, मनी एन मोबाइल, ऑक्सीजन आउटलेअ्स, आईटीजेड कैश काड्र्स, बिल पेमेंट किऑस्क्स, चेक इन मेल सुविधा और की कंज्यूमर्स बैंकों के माध्ये से आरटीजीएस/ एनईएफटी आदि से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल आर–इंफ्रा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं